पूरी कर दे माँ अरदास

पूरी कर दे मा अरदास कराऊँ तेरा जगराता,
विनती चरणों मे आज कराऊँ तेरा जगराता.........

गोद है खाली गोद भरो मां, अपनी दया की किरपा करो मां,
ले के आस चौखट पे आई पूरी मेरी आस,
कराऊँ तेरा जगराता,
पूरी कर दे मा अरदास कराऊँ तेरा जगरता ....

तेरे भंडारों मे ना कोई कमी है आँखों मे बेटी के फिर क्यूँ नमी है,
रखना मैया आज मेरी तेरे हाथों में लाज,
करूँ तेरा जगराता,
पूरी कर दे मा अरदास कराऊँ तेरा जगराता...........

भर दे मां झोली तेरी ज्योत जगाऊँगी,
लाल लाल चुनरी मां तुमको उढ़ाऊँगी,
खाली ना मोड़ोगी मुझे पूरा है विश्वास,
पूरी कर दे मा अरदास कराऊँ तेरा जगराता................

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31241/title/puri-karde-maa-ardass

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |